भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2388
उत्तर देने की तारीख 05.03.2020

सौर चरखा मिशन के तहत कारीगरों को राजसहायता

2388. श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री शान्तनु ठाकुरः
श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवाः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सौर चरखा मिशन के तहत कारीगरों को कोई राजसहायता प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उक्त मिशन के तहत दी जा रही राजसहायता की राशि कितनी है;

(ग) उक्त राजसहायता का लाभ उठाने वाले कारीगरों की, विशेषकर गुजरात सहित राज्य-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या इससे हरित अर्थव्यवस्था के विकास में सरकार को मदद मिलने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) गुजरात और बिहार सहित सौर चरखा मिशन के तहत काम करने वाले समूहों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(च) उक्त मिशन के तहत कितने कारीगरों को रोजगार प्रदान किया गया है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) और (ख) स्कीम मिशन सोलर चरखा एक उद्यम संचालित स्कीम है और 'सोलर चरखा क्लस्टर' स्थापित करने की परिकल्पना की जाती है जिसमें 200 से लेकर 2042 लाभार्थी (कत्तिन, बुनकर और अन्य कुशल कारीगर) होंगे। प्रत्येक कतिन को प्रत्येक को 10 स्पिनडल्स के 2 चरखे दिए जाएंगे। स्कीम के भाग के रूप में कोई सब्सिडी नहीं दी जाती है, तथापि, लगभग 38,625 करोड़ रू. के कुल निवेश सहित एक पूरे सोलर चरखा क्लस्टर के लिए कार्यान्वयन अथवा संवर्धन एजेंसी को चरखा और लूम खरीदने के लिए 9.60 करोड़ रू. तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है।

(ग) से (घ) वर्ष 2016 में बिहार के जिला नवादा के गांव खनवा में स्थापित, सोलर चरखा पर एक पॉयलट परियोजना की सफलता के आधार पर लगभग 1180 कारीगर लाभान्वित हुए, भारत सरकार ने ऐसे 50 क्लस्टरों को स्थापित करने का अनुमोदन प्रदान किया था। ईओआई आधारित स्कीम के भाग के रूप में अब तक मिशन सोलर चरखा के अंतर्गत कुल 10 प्रस्ताव अनुमोदित किये गये हैं जिनसे लगभग 13784 कारीगरों/कामगारों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। वे राज्य जहां सोलर चरखा क्लस्टर अनुमोदित किए हैं निम्नानुसार हैं:

राज्य	**सब्सिडी की राशि (लाख रू. में)**	**सोलर चरखा क्लस्टरों की संख्या**	**लाभार्थियों की संख्या**
छत्तीसगढ़	578.49	1	1200
गुजरात	405.45	1	1000
कर्नाटक	1920.49	2	4042
महाराष्ट्र	1336.76	2	2742
ओडिशा	676.25	1	1400
राजस्थान	959.95	1	2000
उत्तर प्रदेश	754.26	2	1400
कुल	**6631.65**	**10**	**13784**

ये सोलर चरखे सौर ऊर्जा द्वारा संचालित किए जाते हैं जो अक्षय ऊर्जा के स्रोत हैं। यह हरित अर्थव्यवस्था विकसित करने में सहायता करेगी क्योंकि यह एक पर्यावरण अनुकूल कार्यक्रम है। यह कारीगरों के लिए भी सतत् रोजगार को सृजित करेगा।

****